## एक नजर में

### सस्टेनेबल सिटीज चैलेंज' के विजेताओं की घोषणा

इंदौर. बनारस में भक्तों की लगातार बढ़ती भीड़ के कुशल प्रबंधन, पैदल चलने की स्थितियों को बेहतर बनाने, गंतव्यों तक श्रद्धालुओं और आम लोगों की पहुंच को बेहतर बनाने के लिये इनोवेटिव मोबिलिटी और कुशल भीड़ प्रबंधन के सर्वोत्तम सुझाव प्राप्त करने के उद्देश्य से शुरू किये गये 'सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज' वाराणसी के विजेताओं के नामों की घोषणा कर दी गयी है. वाराणसी नगर निगम के नेतृत्व में टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन (टीएमएफ), चैलेंज वर्क्स और डब्ल्यू आर आई इंडिया के सहयोग से शुरू किये गये 'सस्टेनेबल सिटीज़ चैलेंज' में 'सिटीडेटा.एआई' और निप्पॉन कोए के 'सिटीफ्लो' तथा द अर्बनाइज़र के 'जनजात्रा' को विजेता के तौर पर चुना गया है. कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा भी शामिल हुए. टोयोटा मोबिलिटी फाउंडेशन के एग्जिक्यूटिव प्रोग्राम डायरेक्टर प्रसन्ना गणेश ने कहा आज जिन इनोवेटर्स को सम्मानित किया जा रहा है उन्होंने एक ऐतिहासिक शहर की चुनौतियों को इनोवेशन के अवसरों में सफलतापूर्वक परिवर्तित किया है. उनके समाधान अब सिर्फ शुरुआती विचार से आगे बढ़कर शहर के अधिकारियों को भीड़-भाड़ का कुशलतापूर्वक प्रबंधन करने में मदद कर रहे हैं.

### सैमसंग ने बैक टू स्कूल ऑफर लॉन्च किए

इंदौर. सैमसंग इंडिया ने अपने गैलेक्सी इकोसिस्टम के लिए बैक टू स्कूल ऑफ़र की घोषणा की. इससे छात्र गैलेक्सी एआई-पावर्ड लेटेस्ट डिवाइस का इस्तेमाल कर सकेंगे, जिन्हें पूरे एकेडमिक ईयर के दौरान सीखने, क्रिएटिविटी और प्रोडक्टिविटी को बेहतर करने के लिए डिज़ाइन किया गया है. स्टार्ट स्कूल. स्टैंड आउट. ग्रो फर्दर थीम सैमसंग एआई कैंपेन के तहत, सैमसंग अपने सैमसंग स्टूडेंट+ प्रोग्राम के ज़रिए स्टूडेंट्स को खास फ़ायदे दे रहा है. इसमें सैमसंग के लेटेस्ट स्मार्टफ़ोन, टैबलेट, लैपटॉप, मॉनिटर और वियरेबल्स पर चुनिंदा प्रोडक्ट्स पर 10% तक की छूट, आकर्षक बैंक ऑफ़र, बिना किसी अतिरिक्त लागत के ईएमआई के विकल्प और अपग्रेड के फ़ायदे शामिल हैं. सैमसंग के नए गैलेक्सी डिवाइस गैलेक्सी एआई से चलते हैं. ये डिवाइस ऐसे स्मार्ट अनुभव देते हैं जिनसे छात्र बेहतर ढंग से बातचीत कर सकते हैं, साथ मिलकर काम कर सकते हैं और जानकारी पा सकते हैं. लाइव ट्रांसलेट, चेट असिस्ट और गूगल के साथ सर्कल टू सर्च जैसे फ़ीचर छात्रों को भाषा की रुकावटों को दूर करने, प्रोडक्टिविटी बढ़ाने और तुरंत जानकारी खोजने में मदद करती हैं, जिससे सीखना ज़्यादा आसान और असरदार हो जाता है.

### नेटफ्लिक्स ने 'ऑपरेशन सफेद सागर' का ट्रेलर जारी किया

इंदौर. साल 1999 की गर्मियों में कारगिल युद्ध अपने चरम पर था. पाकिस्तान की सेना ने ऊंचे और बेहद कठिन पहाड़ी इलाकों में कई महत्वपूर्ण ठिकानों पर कब्जा कर लिया था. ऐसे मुश्किल समय में भारतीय सेना के सामने बड़ी चुनौती खड़ी हो गई थी. जैसे-जैसे युद्ध की स्थिति गंभीर होती गई, भारतीय वायु सेना को भी इस मिशन में मदद के लिए आगे बुलाया गया. वास्तविक घटनाओं पर आधारित इसी अध्याय से 'ऑपरेशन सफेद सागर' की शुरुआत हुई है. यह एक ऐतिहासिक और बेहद ऊंचाई वाले क्षेत्र में चलाया गया हवाई अभियान था, जिसने पूरे युद्ध की दिशा बदलने में अहम भूमिका निभाई और इतिहास में एक महत्वपूर्ण अध्याय साबित हुआ।आज नेटफ्लिक्स ने अपनी भव्य सैन्य ड्रामा सीरीज़ 'ऑपरेशन सफ़ेद सागर' का ट्रेलर जारी किया। यह सीरीज कारगिल युद्ध के दौरान भारतीय वायु सेना की अहम भूमिका से जुड़ी एक सच्ची घटना पर आधारित है. इसमें गोल्डन एरोज स्क्वॉड्रन की अब तक सामने न आई कहानी दिखाई गई है. मोनिका शेरगिल, वाइस प्रेसिडेंट कंटेंट, नेटफ्लिक्स इंडिया ने कहा कुछ कहानियां ऐसी होती हैं, जिन्हें दुनिया के सामने लाने का मौका मिलना गर्व की बात होती है और 'ऑपरेशन सफेद सागर' ऐसी ही एक कहानी है.

### जी5 ने सात भाषाओं में व्यापक बहुभाषी स्लेट पेश की

इंदौर. मनोरंजन सिर्फ ट्रेंड्स का अनुसरण करते हुए आगे नहीं बढ़ता. यह खुद नए ट्रेंड्स बनाकर आगे बढ़ता है. भारत के सबसे बड़े स्वदेशी वीडियो स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म, ज़ी5 ने नई पीढ़ी के दर्शकों के लिए विशेष रूप से तैयार की गई कहानियां, रचनाकारों और फॉर्मेट्स के अपने अब तक के सब से महत्वाकांक्षी बहुभाषी प्रदर्शन की प्रस्तुति की है. हिन्दी, तमिल, तेलुगु, मराठी, मलयालम, कन्नड़ और बांग्ला भाषा में फैला यह मंच मूवीज़, सीरीज़, लाइव स्पोर्ट्स, एआई संचालित स्टोरीटेलिंग, एनिमेशन और किड्स एंटरटेनमेंट के व्यापक लाइन अप को एक जगह लाता है. इस अवसर पर ज़ी5 के बिजनेस हेड तेजकरण सिंह बजाज ने कहा ज़ी5 पर हम केवल मनोरंजन का अनुसरण करने में विश्वास नहीं रखते, हम इसे नया आकार देने में विश्वास करते हैं. हम जो भी कहानी कहते हैं वह एक सरल फिलॉसफी से प्रेरित होती है- साहसिक प्रोजेक्ट्स का समर्थन करना, हटकर विचारों को बढ़ावा देना और ऐसे अनुभव रचना जो दर्शकों को अन्यत्र कहीं नहीं मिल सकें. सात भाषाओं में मूवीज़, सीरीज़, लाइव स्पोर्ट्स, एआई संचालित स्टोरीटेलिंग, एनिमेशन और किड्स कंटेंट के माध्यम से भारत के कुछ सबसे प्रसिद्ध फिल्ममेकर्स, प्रोडक्शन हाउसेज़ और कलाकारों को एक साथ लाने वाली हमारी यह स्लेट हमारे इरादे की अब तक की सबसे बड़ी घोषणा है.

### ई-रूफ एनुअल 2026 होगा 26 जुलाई को

इंदौर. प्रमुख एंटरप्रेन्योरियल इकोसिस्टम प्लेटफॉर्म ई-रूफ ने अपने फ्लैगशिप इवेंट ई-रूफ एनुअल 2026 के छठे संस्करण की आधिकारिक घोषणा कर दी है. यह कार्यक्रम 26 जुलाई को आयोजित होगा. इसमें खास तौर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और एनिमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स इंडस्ट्री को केंद्र में रखा गया है. इस बड़े आयोजन में 350 से अधिक फाउंडर्स, टेक एक्सपर्ट्स, वेंचर कैपिटलिस्ट्स और क्रिएटिव प्रोफेशनल्स एक मंच पर आएंगे, ताकि अलग-अलग क्षेत्रों के बीच सहयोग बढ़े, नए आइडिया सामने आएं और अगली पीढ़ी के स्टार्टअप्स को आगे बढ़ने का अवसर मिले. सम्मेलन में उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे. वहीं, बीजेपी के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. निशांत खरे विशिष्ट अतिथि रहेंगे. ई-रूफ के फाउंडर हिमांशु चतुर्वेदी ने कहा छठे वर्ष में प्रवेश करते हुए ई-रूफ एनुअल 2026 मध्य भारत की एंटरप्रेन्योरशिप क्षमता का मजबूत उदाहरण बनकर सामने आया है. भारत के बेहतरीन टेक इनोवेटर्स, क्रिएटिव लीडर्स और दूरदर्शी नीति-निर्माताओं को एक मंच पर लाकर ई-रूफ इनोवेशन के लिए एक मजबूत माहौल तैयार कर रहा है.

### एक्सिस बैंक ने जारी किए पहली तिमाही के वित्तीय परिणाम

इंदौर. एक्सिस बैंक ने वित वर्ष 2027 की मजबूत शुरुआत की है. बैंक ने वित वर्ष 2027 की पहली तिमाही में 7,114 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा दर्ज किया, जो पिछले साल की इसी तिमाही के मुकाबले 23% ज्यादा है. यह बढ़त बेहतर ऑपरेटिंग परफॉर्मेंस और स्थिर एसेट क्वालिटी की वजह से हुई है. नेट इंटरेस्ट इनकम 8 प्रतिशत बढ़कर 14,646 करोड़ रुपये हो गई, जबकि कोर ऑपरेटिंग प्रॉफिट 10 फीसदी (सालाना) और 5 प्रतिशत (तिमाही-दर-तिमाही) बढ़कर 11,122 करोड़ रुपये हो गया. बैंक ने डिपॉजिट और एडवांस दोनों में मार्केट शेयर बढ़ाया है. एक्सिस बैंक के एमडी और सीईओ अमिताभ चौधरी ने कहा जैसे-जैसे ग्राहकों की ज़रूरतें बदल रही हैं और टेक्नोलॉजी फाइनेंशियल सर्विसेज को नया रूप दे रही है, हमारा ध्यान एक ऐसी फ्रैंचाइज़ी बनाने पर है जो बड़े पैमाने पर भरोसे, इनोवेशन और मजबूती को एक साथ लाए। इस तिमाही हमने इन प्राथमिकताओं पर निवेश जारी रखा, जैसे डिजिटल सुरक्षा को मजबूत करना, ग्राहकों के अनुभव को आसान बनाने के लिए एआई का इस्तेमाल करना, ग्रोथ प्लेटफॉर्म का विस्तार करना और ऐसे इकोसिस्टम को सपोर्ट करना जो आर्थिक तरक्की को बढ़ावा देते हैं. इन निवेशों के ज़रिए, हम अपने ग्राहकों, स्टेकहोल्डर्स और जिन समुदायों की हम सेवा करते हैं, उनके लिए लंबे समय तक चलने वाली वैल्यू बनाने की उम्मीद है.

### मानसून में बादाम से रोगप्रतिरोधक क्षमता मजबूत बनाएं

इंदौर. मानसून आ चुका है और इसके साथ ही मौसमी बीमारियां, जैसे सर्दी, बुखार और खांसी का दौर भी शुरू हो जाता है, जो पूरे परिवार की रोग प्रतिरोधकक्षमता की परीक्षा लेता है. मौसम में बदलाव का असर छोटे बच्चों से लेकरबुजुर्गों तक, घर के हर सदस्य पर पड़ सकता है. ऐसे में पहले से सतर्क रहनाऔर अपनी सेहत का ध्यान रखना बेहद जरूरी है. संतुलित आहार इस दिशामें सबसे सरल और प्रभावी कदम है. कैलिफ़ोर्निया बादाम, साबुत अनाजतथा पौधों और पशु स्रोतों से मिलने वाले प्रोटीन जैसे रोग प्रतिरोधक क्षमताको सहयोग देने वाले सुपरफूड्स को सक्रिय जीवनशैली के साथ अपनाने सेपूरे मौसम में शरीर की प्रतिरक्षा क्षमता को मजबूत बनाए रखने में मदद मिलसकती है. मानसून के दौरान स्वस्थ रहने के उपायों पर बात करते हुए न्यूट्रिशन और वेलनेस कंसल्टेंट शीला कृष्णास्वामी ने कहा खान-पान से जुड़ी छोटी-छोटी लेकिन नियमित आदतें हमारी इम्यूनिटी कोमजबूत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती हैं. बादाम को अपनेरोज़ाना के आहार में शामिल करना ऐसी ही एक सरल आदत है. रितिका समद्दर रीजनल हेड डायटेटिक्स मैक्स हेल्थकेयर नई दिल्ली नेकहा कैलिफ़ोर्नियाबादाम प्राकृतिक रूप से पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं और इनमें जिंक, कॉपर तथा आयरन जैसे महत्वपूर्ण पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो रोगप्रतिरोधक क्षमता के सामान्य कार्य से जुड़े हुए हैं.

# इंदौर-उज्जैन 6 लेन सड़क के चार फ्लाई ओवर ब्रिज शुरू

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** इंदौर-उज्जैन सड़क चौड़ीकरण अंतिम चरण में पहुंच गया है. सड़क का संपूर्ण निर्माण कार्य इस साल के अंत तक पूरा होने की संभावना है. उक्त सड़क पर 6 फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण प्रस्तावित किया गया था, जिसमें से चार फ्लाई ओवर ब्रिज बन गए है. चारों फ्लाई ओवर से आवागमन भी शुरू हो चुका है. शेष दो फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण का कार्य तेज गति से चल रहा है और ऐसी संभावना है कि अगले महीने तक दोनों फ्लाई ओवर के ऊपर से यातायात शुरू हो जाएगा.

### शेष 2 ब्रिज अगले महीने तक हो सकते हैं शुरू




एमपीआरडीसी द्वारा सिंहस्थ को लेकर इंदौर उज्जैन सड़क चौड़ीकरण का कार्य किया जा रहा है. उक्त चार लेन सड़क को छह लेन में में बदला जा रहा है. सड़क चौड़ीकरण कार्य उदयपुर की रवि इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी 623 करोड़ रुपए में दिया गया है. सड़क आगामी 2028 के सिंहस्थ को लेकर चौड़ीकरण के अतिरिक्त 6 फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण भी प्रस्तावित थे. 6 फ्लाई ओवर ब्रिज में से चार फ्लाई ओवर ब्रिज बनकर तैयार हो गए है और फ्लाई ओवर ब्रिज पर से यातायात का आवागमन भी शुरू हो गया है. शेष दो फ्लाई ओवर ब्रिज सांवेर ओर तपोभूमि का निर्माण कार्य भी अगले महीने के अंत तक पूरा होने की संभावना बताई जा रही है. एक महीने बाद इंदौर से उज्जैन तक निर्बाध यातायात की सुविधा आम जनता को मिल जाएगी. फ्लाई ओवर के अतिरिक्त मुख्य सड़क का निर्माण कार्य 90 प्रतिशत पूरा होने के कगार पर है. अरविंदो से आगे 5 से 7 किलोमीटर सड़क का काम बाकी है. बात सड़क पर यातायात संकेतक, ग्रामीण क्षेत्रों में रेलिंग और सड़क सुरक्षा के उपकरण लगाना शेष है. उक्त कार्य सड़क निर्माण पूरा होने वाली जगहों पर कुछ दिनों में शुरू कर दिया जाएगा.

**सर्विस रोड नहीं बनाई**-उक्त सड़क में एक बड़ी खामी यह है कि सड़क के दोनों ओर सर्विस रोड नहीं बनाई गई है. उक्त सड़क बनने के बाद इंदौर से अरविंदो हॉस्पिटल से महांकाल गेट उज्जैन तक 45 किलोमीटर लंबी यात्रा मात्र 30 मिनिट में पूरी हो जाएगी. 45 किलोमीटर लंबी सड़क के दोनों ओर 12.5 मीटर चौड़ाई बढ़ाई गई है. खास बात यह है कि उक्त सड़क निर्माण में सरकार को जमीन अधिग्रहण नही करना पड़ा है. यही कारण यह है कि सिक्स लेन के दोनों तरफ सर्विस लेन नहीं बनाई जा रही है.

### रोड सेफ्टी, संकेतक लगाने का कार्य शुरू

एमपीआरडीसी के कार्यपालन यंत्री गगन भाभर ने बताया कि छह में चार फ्लाई ओवर से यातायात शुरू हो गया है. शेष 2 फ्लाई ओवर ब्रिज का काम भी अगस्त अंत तक पूरा करने का लक्ष्य रखा है. सड़क चौड़ीकरण कार्य का समय जनवरी 27 है. सड़क पर रोड सेफ्टी, संकेतक और ग्रामीण क्षेत्रों में रेलिंग लगाने का कार्य शुरू हो गया है.

#### इंदौर-उज्जैन 6 लेन सड़क की वर्तमान प्रगति

- पंथ पिपलई, धरमपुरी, सांवेर दो फ्लाई ओवर ब्रिज से यातायात शुरू
- 45 किलोमीटर लंबी दूरी 30 मिनट में होगी पूरी
- 623 करोड़ रुपए से सड़क चौड़ीकरण का कार्य अंतिम चरण
- 6 फ्लाई ओवर ब्रिज में से तपोभूमि का 1 और 1 सांवेर का ब्रिज अगले एक महीने में शुरू होने की संभावना है.



## 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप शुरू

इंदौर. सोमवार को 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप का शानदार शुभारंभ हुआ. नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स एकेडमी में आयोजित चैंपियनशिप का उद्घाटन एडिशनल डीडीपी (क्राइम) राजेश दंडोतिया ने टेबल पर पहला शॉट मारकर किया.

पहले दिन हुए मैचो में अनंत तिवारी ने बिलाल शेख को हराया. अमन गुप्ता ने इमरान कालिम को शिकस्त दी. स्वराज नेमा ने सम्प्रित टोंग्या को हराया. शलभ जैन ने मेहफूज कुरैशी को हराया. सलमान खान ने अनुराग गुप्ता को हराया. अंश आहूजा ने रमन कौल को मात दी. रोहन साहनी ने रौनक दुबे को हराया. विशाल केलकर ने अमन शर्मा को पराजित किया. हर्ष बोयत ने समर मंसूरी पर जीत हासिल की. सैयद एहसान ने मोहित उन्देरिया को हराया. विश्वेंद्र प्रताप सिंह ने आमिर अली को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया.

## शहर में बढ़ रहे फास्ट चार्जिंग स्टेशन

**इंदौर. शहर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की बढ़ती संख्या के साथ फास्ट चार्जिंग स्टेशनों का नेटवर्क भी लगातार विस्तार पा रहा है. प्रमुख मार्गों और व्यावसायिक क्षेत्रों में स्थापित फास्ट चार्जर ई-व्हीकल चालकों के लिए बड़ी सुविधा बनते जा रहे हैं. इससे लंबी दूरी तय करने वाले या दिनभर वाहन चलाने वाले लोगों को बैटरी खत्म होने की चिंता कम हो गई है.**

शहर के विभिन्न स्थानों पर लगे 6 किलोवॉट क्षमता वाले फास्ट चार्जर कम समय में स्कूटर को चार्ज करने की सुविधा देते हैं. चार्जिंग स्टेशन पर उपयोगकर्ता क्यूआरकोड स्कैन कर आसानी से चार्जिंग शुरू कर सकते हैं. इससे प्रक्रिया पूरी तरह डिजिटल और सुविधाजनक हो गई है. अपनी इलेक्ट्रिक स्कूटी चार्ज कर रहे दक्ष भोके ने बताया शहर के अलग-अलग हिस्सों में फास्ट चार्जिंग स्टेशन होने से काफी सुविधा मिलती है. कहीं भी बैटरी कम होने पर आसानी से चार्ज कर सकते हैं. यहां चार्जिंग का शुल्क करीब 1 रुपये प्रति मिनट लिया जाता है, जो जरूरत के समय काफी उपयोगी साबित होता है. दक्ष भोके का कहना है कि ऐसे फास्ट चार्जिंग स्टेशनों की संख्या बढ़ने से इलेक्ट्रिक वाहनों को अपनाने का भरोसा भी बढ़ा है. खासकर ऑफिस आने-जाने वाले और रोजाना अधिक दूरी तय करने वाले लोग इसका लाभ उठा रहे हैं. यदि शहर में इसी तरह सार्वजनिक चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर का विस्तार होता रहा, तो आने वाले समय में इलेक्ट्रिक वाहनों का उपयोग और तेजी से बढ़ेगा तथा प्रदूषण कम करने में भी मदद मिलेगी.

### ई-व्हीकल चालकों को मिल रही राहत




### महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे

पर्यावरण के लिहाज से भी यह व्यवस्था अहम मानी जा रही है. इलेक्ट्रिक वाहनों के बढ़ते उपयोग से पेट्रोल-डीजल पर निर्भरता कम होती है और शहर में प्रदूषण घटाने में मदद मिलती है. ऐसे में सार्वजनिक ई-चार्जिंग स्टेशन न सिर्फ वाहन चालकों के लिए राहत का साधन हैं, बल्कि स्वच्छ और आधुनिक परिवहन व्यवस्था की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं.

## भरतनाट्यम से गुरु-शिष्य परम्परा का महत्व सिखाया जा रहा

**इंदौर. वरदा कला संस्थान द्वारा भारतीय शास्त्रीय नृत्य भरतनाट्यम की कला को बढ़ावा दिया जा रहा है. बीमा नगर स्थित कम्युनिटी हॉल में संस्थान के गुरुओं द्वारा बच्चियों को भरतनाट्यम का प्रशिक्षण दिया जा रहा है. गुरुपूर्णिमा पर संस्थान द्वारा एक कार्यक्रम का भी आयोजन होगा. वरदा कला संस्थान ने देश विदेश में कई कार्यक्रम किए है.**




संस्थान की श्रुति राजीव वर्मा ने बताया कि हमारा उद्देश्य भरतनाट्यम जैसी शास्त्रीय नृत्यकला को बढ़ावा देना है. 26 वर्षो से प्रशिक्षण व कार्यक्रमों के माध्यम संस्थान भरतनाट्यम के प्रचार-प्रसार और संवर्धन में जुटी है. संस्थान ने राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 180 से ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए हैं. हमारे पास प्रशिक्षण के लिए 40 से अधिक बच्चियां आती है जिनकी उम्र पांच से दस वर्ष है. शंकराचार्य द्वारा रचयित अष्टकम के श्लोक के जरिए बच्चियों को गुरु का महत्व बताकर प्रशिक्षित किया जाता है. भरतनाट्यम के साथ साथ संगीत, साहित्य और वादन की कला को भी निखारना प्राथमिकता है. गुरुपूर्णिमा पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा. कार्यक्रम का केंद्र बिंदु गुरु शिष्य परम्परा पर होगा.

## उड़ते कबूतर की पहल, संवाद के जरिए जोड़ रहे समाज को

**इंदौर. उड़ते कबूतर द्वारा आहारा कैफ़े में टी, टेल्स एंड ट्विस्ट नामक मुक्त संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कार्यक्रम का उद्देश्य जीवन, दर्शन, समसामयिक विषयों एवं समाज से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर सार्थक चर्चा के लिए एक खुला मंच उपलब्ध कराना था.**

कार्यक्रम में लगभग 30 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें आईटी प्रोफेशनल, टेक इंजीनियर, प्रोफेसर, रेडियो जॉकी (आरजे) सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल थे. प्रतिभागियों ने अपने विचार साझा किए और जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रश्नों पर खुलकर चर्चा की. संवाद के दौरान विभिन्न दृष्टिकोण सामने आए, जिससे कार्यक्रम विचारों के आदान-प्रदान का प्रभावी मंच बना. कार्यक्रम के समापन पर एक रचनात्मक गतिविधि का आयोजन भी किया गया, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने अपने हाथों से फोटो फ्रेम फ्रिज मैग्नेट तैयार किए. इस गतिविधि ने कार्यक्रम में रचनात्मकता और सहभागिता का विशेष रंग जोड़ा.




### विचार-विमर्श का अवसर देना उद्देश्य

उड़ते कबूतर के संस्थापक शशांक और रितिक ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य लोगों को ऐसे विषयों पर विचार-विमर्श करने का अवसर देना है, जिन्हें दैनिक जीवन की व्यस्तता में अक्सर अनदेखा कर दिया जाता है. उन्होंने कहा कि इस प्रकार के संवाद समाज में सकारात्मक सोच, आपसी समझ और वैचारिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं.

## स्टारी आइड मिरेकल्स आर्ट वर्कशॉप 26 को

इंदौर. कला प्रेमियों और रचनात्मक गतिविधियों में रुचि रखने वाले युवाओं के लिए 26 जुलाई को 'स्टारी आइड मिरेकल्स' आर्ट वर्कशॉप का आयोजन किया जाएगा. यह कार्यशाला दोपहर 3.30 बजे से कैफे रियूनियोनो, ग्रेटर बृजेश्वरी, इंदौर में आयोजित होगी. यह लगभग ढाई घंटे की कार्यशाला होगी, जिसमें प्रतिभागियों को विशेषज्ञ कलाकार के मार्गदर्शन में कैनवास पेंटिंग बनाने का अवसर मिलेगा. कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य लोगों में कला के प्रति रुचि बढ़ाना, उनकी रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा तनावमुक्त वातावरण में पेंटिंग का अनुभव प्रदान करना है. इसमें शुरुआती से लेकर कला में रुचि रखने वाले सभी लोग भाग ले सकते हैं. कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को कैनवास, रंग, ब्रश सहित पेंटिंग के लिए आवश्यक सभी सामग्री आयोजकों द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी. आयोजकों का कहना है कि यह केवल पेंटिंग सीखने का अवसर नहीं, बल्कि नए लोगों से जुड़ने, रचनात्मक अनुभव साझा करने और कला के माध्यम से स्वयं को अभिव्यक्त करने का एक विशेष मंच भी है. इच्छुक प्रतिभागी पूर्व पंजीयन कर इस कार्यशाला का हिस्सा बन सकते हैं.




## वायलिन पर जीना इसी का नाम है... गीत की धुन ने बांधा समां

### शास्त्रीय और सुगम संगीत का मनमोहक संगम प्रस्तुत किया

**इंदौर. कैनरीज फाइन आर्ट गैलरी में सोमवार को युवा वायलिन वादक अनुराग मुछाल ने शास्त्रीय और सुगम संगीत का मनमोहक संगम प्रस्तुत किया. उन्होंने राग यमन की मधुर प्रस्तुति के साथ लोकप्रिय गीत जीना इसी का नाम है की धुन वायलिन पर बजाकर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी.**

गैलरी में आयोजित स्त्री रंग-6 प्रदर्शनी के दौरान यह विशेष संगीत प्रस्तुति हुई. प्रदर्शनी में महिला चित्रकार प्रियंका तोषनीवाल, वर्षा पाठक, गरिमा कुंडल और पल्लवी टोंक की 45 चित्रकृतियां प्रदर्शित हैं. चित्रों के बीच गूंजते वायलिन के सुरों ने रंग और संगीत का सुंदर समन्वय प्रस्तुत किया, जिसका दर्शकों और कला प्रेमियों ने भरपूर आनंद लिया.





### आत्मविश्वास से सजी प्रस्तुति

अनुराग मुछाल ने राग मालकौंस, भैरवी और यमन की बंदिशें प्रस्तुत कीं. उनके वादन में आत्मविश्वास, मधुरता और लयकारी का संतुलित प्रदर्शन देखने को मिला. संक्षिप्त लेकिन प्रभावशाली प्रस्तुतियों के माध्यम से उन्होंने अपने सधे हुए रियाज का परिचय दिया. उनके साथ तबले पर विनय राठौर तथा सिंथेसाइज़र पर भरत विश्वकर्मा ने संयत और प्रभावी संगत की. कार्यक्रम की शुरुआत में चित्रकार वर्षा पाठक और प्रियंका तोषनीवाल ने कलाकारों का स्वागत किया. इस अवसर पर शहर के अनेक युवा एवं वरिष्ठ चित्रकार, कला प्रेमी और संगीत रसिक उपस्थित रहे.

**एक नजर में** — चोइथराम फल मंडी में विदेशी फलों की मांग बढ़ी

## तंजानिया के एवोकैडो की शहर में जबरदस्त आवक

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर की प्रमुख चोइथराम फल मंडी में इन दिनों विदेशी फलों की अच्छी आवक देखने को मिल रही है। खास तौर पर तंजानिया से आयातित एवोकैडो बड़ी मात्रा में मुंबई के माध्यम से मंडी पहुंच रहा है. अपनी बेहतरीन गुणवत्ता, स्वाद और पोषण मूल्य के कारण यह फल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक लोगों की पहली पसंद बनता जा रहा है.



फल व्यापारी मुनव्वर शेख ने बताया कि वर्तमान में तंजानिया से आने वाले एवोकैडो की आवक अच्छी बनी हुई है. मंडी में इसका थोक भाव 55 रुपये से 70 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच चल रहा है. उन्होंने बताया कि भारत के केरल सहित कुछ राज्यों में भी अब एवोकैडो का उत्पादन होने लगा है, लेकिन तंजानिया के फल की गुणवत्ता, आकार, गूदे की बनावट और स्वाद भारतीय उत्पादन की तुलना में अधिक बेहतर माने जाते हैं. यही वजह है कि बाजार में विदेशी एवोकैडो की मांग बनी रहती है. उन्होंने बताया कि एवोकैडो की उपलब्धता वर्षभर रहती है. मांग के अनुसार आयात किया जाता है. हालांकि यह अभी भी आम फलों की तरह हर घर तक नहीं पहुंचा है. इस फल के बारे में जानकारी रखने वाले और इसके स्वास्थ्य लाभों से परिचित उपभोक्ता ही विशेष रूप से इसकी खरीदारी करते हैं.

**स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभकारी है एवोकैडो**-एवोकैडो को दुनिया के सबसे पौष्टिक फलों में गिना जाता है. इसमें भरपूर मात्रा में स्वस्थ वसा, फाइबर, पोटैशियम, विटामिन के, विटामिन ई, विटामिन सी, विटामिन बी6 और फोलेट पाया जाता है. यह हृदय स्वास्थ्य के लिए लाभकारी माना जाता है तथा शरीर में खराब कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने में सहायक होता है.

**पाचन तंत्र होता है मजबूत**- विशेषज्ञों के अनुसार नियमित और संतुलित मात्रा में एवोकैडो का सेवन करने से पाचन तंत्र मजबूत होता है, त्वचा और बालों को पोषण मिलता है, वजन नियंत्रित रखने में मदद मिलती है तथा शरीर को लंबे समय तक ऊर्जा मिलती है. यही कारण है कि फिटनेस प्रेमियों, खिलाड़ियों और स्वास्थ्य के प्रति सजग लोगों के बीच इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है.

### धीरे-धीरे बढ़ रही पहचान

फल व्यापारियों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले तक एवोकैडो के बारे में बहुत कम लोग जानते थे, लेकिन अब सोशल मीडिया, पोषण विशेषज्ञों और फिटनेस संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के कारण इसकी पहचान तेजी से बढ़ रही है. होटल, रेस्टोरेंट, कैफे और घरों में भी इसका उपयोग सलाद, सैंडविच, स्मूदी, डिप (गुआकामोले) और विभिन्न व्यंजनों में किया जाने लगा है. व्यापारियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में लोगों में स्वास्थ्य के प्रति बढ़ती जागरूकता के चलते एवोकैडो की मांग में और अधिक वृद्धि होगी.

## 2015 किसानों को पांच रुपए में बिजली कनेक्शन

**इंदौर.** राज्य शासन के निर्देश पर मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी इंदौर द्वारा किसानों को पांच रूपए में सिंचाई के लिए बिजली कनेक्शन उपलब्ध कराया जा रहा है. लाइनों के विस्तार की आवश्यकता नहीं होने पर पांच रूपए में किसानों को कनेक्शन दिया जा रहा है. शेष राशि अगले बिजली बिलों में वसूली जाती है. योजना प्रारंभ से अब तक मालवा निमाड़ में 2015 से ज्यादा किसानों को पांच रूपए में कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं. इंदौर ग्रामीण क्षेत्र में 157 किसानों को लाभान्वित किया गया हैं. इसी तरह खरगोन जिले में 500 ,उज्जैन जिले में 130, बड़वानी में 117, बुरहानपुर जिले में 166, देवास जिले में 101, धार जिले में 240, खंडवा में 160 किसानों को लाभान्वित किया गया हैं.